## खबर संक्षेप

### विख्यात लेखक मोहिंदर सिंह कंबोज का निधन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा न्यायिक सेवा में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. कविता कंबोज के पिता तथा प्रख्यात लेखक, शिक्षाविद् और समाजसेवी मोहिंदर सिंह कंबोज का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



मोहिंदर सिंह कंबोज।

उनके निधन से साहित्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। इंद्री करनाल निवासी कंबोज ने वर्षों तक शिक्षा, वित्तीय साक्षरता और जनहित के कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहिंदर कंबोज ने अपनी संतानों को उच्च शिक्षा और सामाजिक मूल्यों की प्रेरणा प्रदान की।

### जजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी का 7 दिसंबर को जुलाना में होने वाला स्थापना दिवस कार्यक्रम इस बार इतिहास रचने जा रहा है। पूरे हरियाणा में इसके लिए जबरदस्त माहौल बना हुआ है और संगठनात्मक स्तर पर जो तैयारी की गई है, वह इस कार्यक्रम को अब तक का सबसे भव्य और प्रभावशाली कार्यक्रम बनाने वाली है। युवा जजपा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि जुलाना का कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि जनता के बीच नई उम्मीद, नई दिशा और नई सोच का संदेश देने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा।

### रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्रित

**थानेसर।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के महापरिनिवार्ण दिवस पर भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंडल प्रबंधक प्रवीण कुमार, आर सिद्धार्थ ने इसका विधिवत उदघाटन किया। शुरूआत में सामाजिक न्याय के प्रणेता, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं सादर नमन किया गया। उन्होंने बताया कि स्टाफ ने इस रक्त दान शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 48 यूनिट्स इक्कट्ठी की गई।



### डॉ. बलराज ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती अपितु हमारा रक्त किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य का भागीदार बन सकता है। यह शब्द लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के आरएमओ डा. बलराज ने अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करते हुए कहे। डा. बलराज ने बताया कि उन्हें पता चला कि किसी जरुरतमंद को ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। ऐसे में उन्होंने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया।

## हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों को मौके पर निपटारे के दिए निर्देश

# कैमला के लोगों ने विधानसभाध्यक्ष के समक्ष रखीं गांव की समस्याएं

घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में लगाया गया समस्या समाधान शिविर



घरौंडा। घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधानसभाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निपटारे के निर्देश दिए। इस मौके पर कैमला गांव के लोगों ने श्मशान घाट के रास्ते पर रिटेनिंग वॉल बनवाने, शैड बनवाने, सोलर लाइट लगवाने, सिरसी के लोगों ने गांव में खेतों में गंदे पानी से फसलों को बचाने, गढ़ी भरल और कुटैल वासियों ने बिजली के ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गढ़ी भरल में गली पक्की कराने, स्कूल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, बस्सी से नहरी विभाग के नाले तक सडक़ निर्माण के कार्य में तेजी लाने, बसताड़ा में खेतों के रास्ते पक्का कराने, फिरनी को ऊंचा उठाने, कोहंड में गलियां बनवाने, ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने और डेरे पर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा रखी गई।

### विधायिका की मजबूती के लिए उठाए जा रहे कदम

पत्रकारों द्वारा पूछे एक सवाल के जवाब में श्री कल्याण ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका महत्वपूर्ण स्थान है। हरियाणा में विधायिका की जिम्मेदारी के नाते उनका अलग-अलग राज्यों में जाना होता है। उन राज्यों की अच्छी परंपराओं, नियमों, कानूनों का अध्ययन कर उन्हें यहां लागू करने का प्रयास किया जाता है। संसद और सभी राज्यों के विधानमंडल एक डिजीटल प्लेटफार्म पर हों, इस दिशा में केंद्र सरकार प्रयासरत है। विधायिका का मजबूत होना जरूरी है। इसी के माध्यम से ही लोगों की बातें सरकार तक पहुंचती हैं। जितनी अच्छी चर्चा होती है उतने ही समाधान भी सामने आते हैं।

**प्रमुख मांगें**

- गांव में श्मशान घाट के रास्ते पर रिटेनिंग वॉल बनवाने, शैड बनवाने, सोलर लाइट लगवाने की मांग
- सिरसी में खेतों में गंदे पानी से निजात की मांग
- गढ़ी भरल और कुटैल वासियों ने बिजली के ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने की मांग

**विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागी बनें**

एक अन्य प्रश्न पर कहा कि प्राचीनकाल से ही देश में नारी शक्ति को प्राथमिकता मिली है। नारी सशक्तिकरण के मामले में दक्षिण के राज्य कुछ आगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के पीछे मकसद महिला सशक्तिकरण ही है। आज इसके सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। आज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सभी को इसमें सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर बीडीपीओ सोमवीर खटकड़, बीईओ रवींद्र कुमार, बिजली बोर्ड के कार्यकारी अभियंता राजीव ढिल्लों, एसडीओ चांद सांगवान, नगर पालिका सचिव रवि प्रकार, पुलिस निरीक्षक दीपक, भाजपा नेत्री मंजू खैंची, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, अंकित जैन, रवि त्यागी, अजय राणा आदि मौजूद रहे।



## नारीशक्ति के दिव्य गुणों का सम्मान

# सप्तशक्ति संगम में किया महिलाओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में एस.डी. बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राम नगर करनाल में 'सप्तशक्ति संगम' नामक भव्य सांस्कृतिक एवं मूल्याधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा और आध्यात्मिक वातावरण के अनुरूप विशेष रूप से सजाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद मेघा भंडारी उपस्थित रहीं, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मीनू ठाकुर, नगर संचालिका, राष्ट्रीय सेवा समिति ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वशिष्ठ अतिथियों में ममता सैनी, पार्षद वार्ड-17, मीनू चावला, जिला संयोजिका स्वदेशी जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयंसेविका सीमा गुप्ता और पद्मेश बवेजा भी शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने भारतीय जीवन मूल्यों के संरक्षण और बालकों में संस्कार निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। सप्तशक्ति संगम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय जीवन मूल्यों, नारीशक्ति के प्रति सम्मान, सांस्कृतिक चेतना और चरित्र निर्माण को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, झांकियाँ, गीत-नृत्य और माता शक्ति की आराधना का विशेष आयोजन किया गया। बच्चों ने नारी के धैर्य, मेधा, करुणा और शक्ति के प्रतीकों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व और गहरी समझ भी विकसित करते हैं।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य धनेश चंद्र डिमरी, उप प्रधानाचार्य कुसुम अरोड़ा, शिक्षकगण एवं स्वयंसेवकों की टीम लंबे समय से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटी रही। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में योगदान दिया। मातृशक्ति की इस भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक एवं भावनात्मक रूप प्रदान किया।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पर गंभीर आरोप

- वादे पूरे न करने वाले प्रधान को पद पर रहने का हक नहीं : लाडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हलका नीलोखेड़ी से हरियाणा कमेटी की सदस्य माता कपूर कौर के सुपुत्र और पंथक दल झींढा ग्रुप के कौमी प्रधान भूपिंदर सिंह लाडी प्रधान ने आज करनाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींढा से तत्काल इस्तीफे की मांग की। लाडी प्रधान ने आरोप लगाया कि झींढा अपने अधिकांश वादों पर खरे नहीं उतरे, यूनिवर्सिटी खोलने से लेकर वीआईपी कल्चर खत्म करने तक कोई घोषणा पूरी नहीं हुई, गुरुद्वारे के संसाधनों का निजी उपयोग जारी है, तरावड़ी गुरुद्वारे में ऐसे व्यक्ति को मैनेजर लगाया गया जिसने गोलक के 28 लाख रुपये का गबन किया था। उन्होंने कहा कि 350 साला समागम (25 नवंबर) में झींढा ने संत महापुरुषों से ऊंचा मंच लेकर अपमान किया। लाडी प्रधान ने यह भी कहा कि झींढा की तीन एग्जीक्यूटिव मीटिंग और दो जनरल हाउस फेल हो चुके हैं, और 28 मेंबरों में से 19 उनका साथ छोड़ चुके हैं। लाडी प्रधान ने कहा कि अब झींढा को पद छोड़कर घर बैठकर भजन-भावना करनी चाहिए।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स-हेल्पर्स का करनाल में जोरदार प्रदर्शन

## न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये लागू करने और लेबर कोड्स वापस लेने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने आज करनाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता रूपा राणा करनाल, सुनीता यमुनानगर, सोना देवी सोनीपत, पूनम लोहान कैथल और क्रैच यूनियन की राज्य प्रधान सुशीला ने की। यह प्रदर्शन आईफा के राष्ट्रव्यापी आह्वान का हिस्सा रहा, जिसके तहत देशभर में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा सांसदों के कार्यालयों पर पड़ाव और धरने चल रहे हैं। राज्य उपप्रधान सुरेंद्र, राज्य सचिव सुनील दत्त, रूपा राणा और बिजनेश राणा ने कहा कि सरकार लाखों आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, आशा और मिड-डे मील कर्मचारियों के साथ "मेहनत की लूट" कर रही है। उन्होंने बताया कि आईसीडीएस को 50 वर्ष, मिड-डे मील योजना को 30 वर्ष, एनएचएम को 20 वर्ष पूरे हो चुके हैं, फिर भी सुधार नहीं हुए और कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिला।



करनाल। धरने के दौरान मौजूद आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स। फोटो : हरिभूमि




करनाल। धरने के दौरान मौजूद आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स। फोटो : हरिभूमि

**प्रधानमंत्री के नाम विस्तृत मांगपत्र प्रतिनिधि को सौंपा**

यूनियन नेताओं ने मांग रखी कि ड्ट न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये लागू हो, सभी वर्कर्स को तृतीय और हेल्पर्स को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा मिले, ग्रेच्युटी सहित सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए जाएँ, ड्ट निलंबित वर्कर्स-हेल्पर्स का मानदेय बहाल किया जाए, ड्ट पदोन्नति 25% से बढ़ाकर 50% की जाए, फोटो कैप्चर और डिजिटल उत्पीड़न बंद किया जाए, प्रधानमंत्री के नाम विस्तृत मांगपत्र प्रतिनिधि को सौंपा गया। आज के प्रदर्शन को ओपी माटा, सतपाल सैनी, सुशील गुर्जर, राजपाल, मंजू, सुदेश, शकुन्तला, कलीराम, ममता, जगपाल राणा सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

# नशे में धुत दो युवकों की लापरवाही, विधायक की गाड़ी को मारी टक्कर, सिक्योरिटी ने दोनों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देर रात करनाल शहर में चंडीगढ़–दिल्ली रोड पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब नशे में धुत दो युवकों ने तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए विधायक जगमोहन आनंद की गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी अचानक थी कि कुछ क्षणों के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि विधायक की सुरक्षा टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को मौके पर ही दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवकों में एक करनाल के गांव चिड़ाव का विकास (30 वर्ष) और दूसरा पानीपत के गांव बलाना का दीपक (28 वर्ष) है। घटना के समय दीपक गाड़ी चला रहा था, जबकि विकास उसके साथ था। दोनों को सरकारी अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया।



- युवकों में एक करनाल का दूसरा पानीपत का पाया गया

**पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर**

विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि वे एक शादी समारोह में शामिल होकर वेकैंट हॉल से अपनी कार में बाहर निकले ही थे कि अचानक पीछे से एक तेज रफ्तार कार आई और पहले शर्मा जी की गाड़ी को टक्कर मारी। कुछ ही सेकंड बाद उसी कार ने उनकी गाड़ी को भी जोरदार झटका पहुंचाया। उन्होंने कहा किअगर यह गाड़ी कुछ सेकंड पहले बारात के बीच घुस जाती तो बड़ा हादसा निश्चित था। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।" प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारात कुछ ही सेकंड पहले वेकैंट हॉल में प्रवेश कर चुकी थी। यदि उस समय तेज रफ्तार कार बारात में घुस जाती तो कई लोगों की जान पर बन सकती थी।

पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार दोनों युवक नशे में वाहन चला रहे थे। आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई नियमों के अनुसार की जाएगी।

टक्कर से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। वहीं नशे में धुत आरोपियों का पुलिस ने मेडिकल करवाकर मामला दर्ज कर लिया है।

# लिफ्ट देने के बहाने ड्राइवर से लूटपाट

हरिभूमि में करनाल।

करनाल जिले के मधुबन क्षेत्र में नई गाड़ी लेकर जा रहे एक ड्राइवर के साथ चार युवकों ने लिफ्ट मांगकर पहले उसे बहलाने-फुसलाने के बाद अगवा कर लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन तथा नकदी लूट ली। बदमाश कई घंटों तक ड्राइवर को बंधक बनाकर घुमाते रहे और बाद में बहादुरगढ़ के पास सुनसान जगह पर उतारकर गाड़ी लेकर फरार हो गए। चाय पीने के दौरान आया अजनबी, जीरकपुर तक छोड़ने की बात कहकर मांगी लिफ्ट। ड्राइवर जसप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह नई गाड़ियों को एजेंसी से मालिक तक पहुंचाने का काम करता है। बीती शाम वह मारुति जीप लेकर हिमाचल के लिए रवाना हुआ। करनाल बाइपास दिल्ली में चाय पीने के लिए रुका। तभी अज्ञात व्यक्ति उससे जीरकपुर तक छोड़ने का अनुरोध करते हुए आया। थोड़ी देर में तीन और युवक वहां आ गए। चारों ने बताया कि उनके परिवार में मौत हो गई है और बस वाले ने उन्हें उतार दिया है क्योंकि वे ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर सकते। इस पर जसप्रीत ने भरोसा कर उन्हें गाड़ी में बैठा लिया। तभी चारों ने वारदात को अंजाम दिया।

**मारपीट कर बंधक बनाया**

पानीपत फ्लाईओवर पार करने के बाद युवकों ने एक ढाबे पर खाना खाने की इच्छा जताई। वे गाड़ी से उतरकर खाना खाने लगे जबकि जसप्रीत वाहन में ही बैठा रहा। खाना खाने के बाद सभी युवक लौटे और गाड़ी आगे बढ़ी। करीब 4–5 किलोमीटर बाद एक युवक ने उल्टी आने की बात कहकर गाड़ी रुकवाई। जसप्रीत ने ब्रेक लगाई ही थी कि उल्टी का बहाना बनाने वाला युवक दरवाजा खोलकर बाहर आ गया और उसी समय बाकी तीन युवक पीछे से जसप्रीत को पकड़कर सिर और चेहरे पर मुक्के मारने लगे। उन्होंने धमकाया कि आवाज की तो जान से मार देंगे।

# इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक में नई कार्यकारिणी का किया एलान

- कर्मचारियों के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




इंडियन नेशनल लोकदल कर्मचारी प्रकोष्ठ की जिला बैठक पार्टी कार्यालय में जिला प्रधान सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य प्रधान बलवान सिंह दोदवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बलवान सिंह दोदवा ने कहा कि प्रदेश का कर्मचारी वर्ग अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन सरकार बातचीत तक तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि इनैलो सड़क से लेकर विधानसभा तक कर्मचारियों के मुद्दे उठाती रहेगी। बैठक को जिला प्रधान सुरजीत पहलवान और राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर पाढ़ा ने भी संबोधित किया। बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। दिलबाग मान वरिष्ठ उपप्रधान, मास्टर ईश्वर सिंह मुख्य सलाहकार, कली राम जिला प्रधान महासचिव राजरूप, सूरज भान, बनारसी दास उपप्रधान, ऋषिपाल, दिलावर सिंह, दिलबाग कश्यप महासचिव, वेद प्रकाश रमन – संगठन सचिव, राम दिया, जगबीर दलेल सिंह सचिव, सतबीर सिंह कोषाध्यक्ष, महेंद्र नरवाल मीडिया प्रभारीसतपाल रोड कार्यालय सचिव नियुक्त केया गया है। हलका प्रमुख असंध रघबीर मान बल्ला, नीलोखेड़ी जय सिंह रोड, घरौंडा बलकार सिंह, बैठक में नरेश घनघस, कविता धनखड़, सुमेर सिंह काछवा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में योग ब्रेक कार्यक्रम आयोजित: मंजू

**कुरुक्षेत्र।** महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में शनिवार को योग ब्रेक का आयोजन करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र दिशा निर्देश में विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा बताया गया वाइ ब्रेक में कुछ आसान ताड़ासन, पादस्थासन, कटी चक्कर अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया जाता है। यह 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल है जो आप कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर हल्के सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम के द्वारा कर सकते है। इस मौके पर पुलिस लाइन के सब इंस्पेक्टर लाइन ऑफिसर जरनैल सिंह, मुंशी कर्मवीर सिंह, चिफ ड्रिल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## देशभर के रिटायर्ड कर्मचारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन 22-23 कुरुक्षेत्र में

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में बड़ा फैसला 17 को डीसी कार्यालय पर दिया जाएगा धरना

- कर्मचारियों के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक मुनक की बैठक परशुराम धर्मशाला में खंड प्रधान सूरत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन खंड सचिव डा. रणदीप श्योराण ने किया। बैठक में प्रताप सिंह, दयानंद मान, माईचंद शर्मा, महेंद्र मान, सुरेंद्र रावत, मनोहर लाल और बलराज सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। संबोधन में बलराज सिंह और सुरेंद्र रावत ने बताया कि कुरुक्षेत्र में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 17 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर के रिटायर्ड कर्मचारियों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 22–23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा। डा. रणदीप श्योराण ने वेतन आयोग गठन, लंबित मामलों को लिखित में लेने, सदस्यता बढ़ाने और तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष की बात कही।




करनाल। धरने की सफलता को रणनीति बनाने में शामिल रिटायर्ड कर्मचारी।

**संघ की प्रमुख मांगें**

पेंशन संबंधित वित्त विधेयक 2025 को वापस लेना, कम्यूट राशि की कटौती अवधि 11 वर्ष तय करना और कोरोना काल में रोके गए 18 माह के डीए का एरियर ब्याज सहित देना शामिल है। बैठक में पालाराम, कर्ण सिंह, ओमप्रकाश, रूलिया राम, राय सिंह, प्यारेलाल, शिवचरण, राजबीर, पाल सिंह काजल, सुभाष मान सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



पानीपत। इद्ंरप्रस्थ हास्पिटल के शुभारंभ पर पत्रकारों से बातचीत करते डा.एएस राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पानीपत में इंद्रप्रस्थ अस्पताल का शुभारंभ

**पानीपत।** जीटी रोड पुलिस लाइन के सामने बने अत्याधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ संस्थान इंद्रप्रस्थ हास्पिटल का आज शुभारंभ किया गया। वहीं शुभारंभ पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अस्पताल के चेयरमैन डा.ए.एस.राणा ने बताया कि अस्पताल में नेफ्रालाजी विभाग का संचालन प्रसिद्व नेफ्रोलाजिस्ट डा.योगेश छाबड़ा व डा.भानु मिश्रा द्वारा किया जाएगा। यूनिट अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी। अब गुर्दे के रोगियों को दिल्ली या गुरूग्राम नहीं जाना पड़ेगा।



पानीपत। बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि देते सीपीआई के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### सीपीआई ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजली

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक स्थित स्वतंत्रता सेनानी का.टीकाराम सखुन हाल में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डा.भीमराव अम्बेडकर अमर रहे, देश का संविधान जिंदाबाद आदि नारों के बीच सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप, पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एवं जिला सचिव का.पवन कुमार सैनी एडवोकेट, भूपेन्द्र कश्यप, सतीश पंवार,अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किये।



### अंबेडकर ने हमेशा पिछड़ों की आवाज उठाई


**पानीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण द्वारा आज संविधान निर्माता, समाज सुधारक और भारत के महान चिंतक डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक ने किया। रमेश मलिक ने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा दलितों, मजदूरों, महिलाओं, श्रमिकों और वंचित समाज के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सचिन कुंडू, सतपाल वाल्मीकि,नरेंद्र भिवान, संतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर ने मुख्य अतिथि को स्वच्छ पर्यावरण के प्रतीक पौधे भेंट करके उनका स्वागत

# खेलकूद उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना दमखम

## दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव मनाया





पानीपत। खेल दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी तथा प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सैक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में छठा वार्षिक खेलकूद उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि दयाल सिंह पब्लिक स्कूल पानीपत के चेयरमैन वाइस एडमिरल सतीश सोनी रिटायर्ड उपस्थित रहे। इनके साथ-साथ दयाल सिंह कालेज ट्रस्ट सोसायटी करनाल के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर रणधीर सिंह रिटायर्ड, एदयाल सिंह कालेज की प्राचार्या आशिमा गक्खड़, संजय, विवेक अरोड़ा, एसडी कालेज पानीपत के प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा तथा अभिभावकगण, अध्यापकवर्ग और स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने मुख्य अतिथि को स्वच्छ पर्यावरण के प्रतीक पौधे भेंट करके उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि वाइस एडमिरल सतीश सोनी ने ध्वजारोहण किया। खेलकूद प्रतियोगिता की प्रतीक.स्वरूप मशाल जलाई गई। मुख्य अतिथि सतीश सोनी ने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया व सलामी ली। मार्च पास्ट की अगुवाई हैड ब्वॉय यश, हैडगर्ल वंशिका तथा स्पोर्ट्स ब्वाय एकम और स्पोर्ट्स गर्ल अदिति ने की। विद्यालय के अरावली सदन की ओर से कैप्टन लोनिता और कमांडर कुश, हिमालय सदन की ओर से कैप्टन मनप्रीत और कमांडर कीर्ति, नीलगिरि सदन की ओर से कैप्टन सृष्टि और कमांडर प्रभकिरत और शिवालिक सदन की ओर से कैप्टन गीतिका, सागर पंवार, श्रष्टि ने अपनी-अपनी टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। चारो सदनों के रंगो का महत्व दर्शाते हुए साड़ी ड्रिल द्वारा मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। शिव नृत्य के द्वारा शक्ति और ब्रह्मांमडीय संतुलन को नटराज स्वरूप में दर्शाया गया। इसके बाद डंबल डफली लेजियम और मास पीटी के माण्यम से उत्साहित करने वाली शारीरिक स्वास्थ्य गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि सतीश सोनी ने कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। खेल मनुष्य को अनुशासित करते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर ने मुख्यातिथियों का धन्यवाद किया।

### आईबी कॉलेज में हार्डवेयर इटेंलिजेंस प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसका विषय हार्डवेयर इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रहा। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि व्यवसाय और रोजमर्रा की जिंदगी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आम हो गया है। लोग अपने जीवन को आसान बनाने के लिए हर दिन एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो.अश्वनी गुप्ता एवं प्रो. विनय भारती ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकित बीसीए फस्ट, द्वितीय दीपक बीसीए फस्ट और चैनसी बीसीए फस्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंजलि बीसीए फाइनल ईयर, अनुष्का बीसीए फाइनल ईयर, सौरभ सेकंड ईयर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए।



पानीपत। दिव्यांग शिविर में का शुभारंभ करते विधायक प्रमोद विज। फोटो : हरिभूमि

# द्वितीय दिव्य दिव्यांग शिविर का शुभारंभ

## कृत्रिम अंगों व उपकरणों का लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा डेरा बाबा जोध सचियार में आयोजित कैंप में कृत्रिम अंग, कैलीपर एवं विभिन्न सहायक उपकरणों के निःशुल्क वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए और समिति द्वारा उपलब्ध करवाए गए उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंगों व उपकरणों का लाभ उठाया। शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शिविर में अनुभवी तकनीशियनों एवं विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों की जांच, मापन तथा तत्काल फिटमेंट की सुविधा प्रदान की। विधायक प्रमोद ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। जरूरतमंदों को कुछ ही समय में एक स्थान पर उनकी नाप के अनुसार कृत्रिम अंग लगाकर उनके चेहरे पर खुशी लाने का कार्य पानीपत मे किया गया है। आयोजक समिति से संदीप कौशिक एवं सुरेश काबरा ने बताया कि अभी 2 दिन में 500 से अधिक दिव्यागजनों ने इस सेवा का लाभ लिया है। अभी एक दिन और शिविर चलेगा, जरूरतमंद कोई भी आकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ ले सकता है। इस अवसर पर गौशाला सोसाइटी से रामनिवास गुप्ता, जन सेवा संस्थान से सतीश गोयल, डॉ. रविंद्र डिकाडला, सीए जगदीश धमीजा, पूर्व मेयर स.भूपेंद्र सिंह, अमृत वर्मा, राकेश भार्गव, एच एस धम्मू, संदीप जिंदल, सुभाष नारंग, कैलाश शर्मा, बजरंग सिंह शेखावत, पीडी चौधरी, पार्षद रॉकी गहलोत, अनिल रोहिल्ला व चेतन तनेजा आदि उपस्थित रहे।

# आर्य बाल भारती की स्काउट टीम सम्मानित

- यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियां का हमेशा ऋणी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। स्काउट टीम को सम्मानित करते प्रधान रणदीप आर्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक सुरक्षा दिवस और नागरिक मैत्री दिवस पर आर्य बाल भारती विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, पूर्व उपप्राचार्य राजकुमार शास्त्री विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता उपप्राचार्य एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स प्रभारी जगदीश चहल ने की। प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियां का हमेशा ऋणी रहेगा। जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजाद देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने में अपना सर्विस न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के विद्यालय के छात्र जिला शिक्षा विभाग के नेतृत्व में 17 सदस्य स्काउट दल गत दिनों उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित नेचर स्टडी कैंप में भाग लिया। विद्यालय के नो छात्रों ने उप्राचार्य जगदीश चहल के नेतृत्व में योग, मलखंभ, हनुमान दंड, आग के गोले से निकलना व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर हरियाणा का नाम रोशन किया इन सभी छात्रों को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

# माइक्रोफाइनेंस से ग्रामीण एरिया होंगे डेवलप

- पाइट में माइक्रोफाइनेंस एवं नवाचार पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक । फोटो : हरिभूमि

माइक्रोफाइनेंस से ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक विकास हो सकता है। जब तक समाज के निम्न आय वर्ग के लोग सशक्त नहीं होंगे। विकसित भारत की कल्पना नहीं कर सकते। यह बात देश के प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञों ने कही।

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में माइक्रोफाइनेंस, नवाचार और बैंकिंग के माध्यम से सशक्त भारत पर शोध पढ़े गए, चर्चा की गई। फिनटेक कंपनी एरिसकन के बोर्ड सदस्य अनुज मोहन ने बताया कि माइक्रोफाइनेंस कैसे करना चाहिए। छोटी-छोटी बचत करें। माइक्रोफाइनेंस से ग्रामीण एरिया डेवलप होंगे।

इसी से विकास की राह खुलेगी। शेफाली नागपाल ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस एक ऐसी वित्तीय व्यवस्था है जिसके तहत कम आय वाले लोगों, छोटे व्यापारियों और गरीब परिवारों को छोटे-छोटे ऋण दिए जाते हैं।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर से ह्यूमेन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक डॉ. प्रीति जैन ने आउट ऑफ द बॉक्स सोचने व नए रोजगार पर चर्चा की। बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ. रोहित गर्ग ने माइक्रोफाइनेंस पर विस्तार से चर्चा की। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डॉ.शक्ति अरोड़ा, डॉ.सुरेश बेदी, सह संयोजक डॉ.पूजा गुप्ता, डॉ.प्रीति दहिया व पारस बतरा ने शोधार्थियों को सम्मानित किया।

# एवन स्कूल में दिखाई गई मुलतानी फिल्म सजा-2

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। स्कूल पहुंचने पर कमल नयन वर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

कमल नयन वर्मा द्वारा निर्मित मुलतानी फिल्म सजा-2 को आज एवन पब्लिक स्कूल, तहसील कैम्प में बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। स्कूल स्टॉफ व बच्चों के आग्रह पर कमल नयन वर्मा व फिल्म के निर्देशक देव वर्मा समय पर स्कूल में पहुंचे। वहीं स्कूल के संचालक राजेश बतरा व स्कूल स्टॉफ की ओर से कमल नयन वर्मा व देव वर्मा को शॉल औढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और लगभग 200 बच्चों व स्टॉफ ने फिल्म का आनन्द लिया। सामाजिक घरेलू विषय पर बनी फिल्म के युवा निर्देषक देव वर्मा ने बहुत ही अच्छे अन्दाज से इसे पेश किया। इस फिल्म में भाजपा नेता गजेन्द्र सलूजा के अलावा कमल नयन वर्मा, तरूण मेहता, पूजा सहगल, मोहित मेहता, नमिता दयाल, नरेन्द्र गर्ग, सोनिया वर्मा, शीनू बरेजा, कविता बतरा, महेन्द्र बजाज, नीरज सोनी, निकिता राघव, टोपन दास वर्मा, रमेश सम्मी, लक्ष्मी मल्होत्रा, शीला रानी और बाल कलाकार ओनिश सहगल, तुशार वर्मा और आरवी चोपड़ा ने अभिनय किया है।

# नगर परिषद ने आर्किटेक्ट अंकित देशवाल को भेजा नोटिस

- नोटिस में आर्किटेक्ट देशवाल को अपना जवाब देने के लिए सात दिन की मोहलत दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

नगर परिषद सचिव ने आर्किटेक्ट अंकित देशवाल को लाइसेंस रद्द करने व ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस भेज कर सात दिन में जवाब तलब किया है। पालिका सचिव मनीश शर्मा द्वारा गत 3 दिसंबर को जारी नोटिस में आरोप लगाया गया है कि निजी आर्किटेक्ट अंकित देशवाल ने एसएमएच मेडीकेयर हस्पताल का नक्शा नगर परिषद की भूमि पर अवैध कब्जे सहित स्वीकृत करवा कर नगर परिषद के हितों को भारी नुक्सान पहुंचाया है। हस्पताल मालिकों से मिलीभगत करके नगर परिषद से जालसाजी व धोखाधडी की गई है। इसके इलावा स्वीकृत नक्शे में भारी तकनीकी त्रुटियां भी पाई गई हैं। सचिव मनीश शर्मा ने बताया कि इस नोटिस में आर्किटेक्ट देशवाल को अपना जवाब देने के लिए सात दिन की मोहलत दी गई है। इसके बाद उसका लाइसेंस रद्द करके ब्लैक लिस्ट करने की कारवाई आरंभ की जाएगी। गौरतलब है कि एसएमएच एंड मेडिकेयर हस्पताल की बिल्डिंग निर्माण के स्वीकृत कराए गए नक्शे को नगर परिषद पहले ही रद्द कर चुकी है।

### जजों की सुरक्षा को लेकर यशपाल ने लिखा जिला सत्र न्यायधीश को पत्र

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेशंन आगेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने जिला सत्र न्यायधीश को पत्र लिखकर जजों की सुरक्षा पर ध्यान दिए जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि जिला न्यायलय में कुछ शरारती तत्व बिना किसी कार्य के घूमते रहते हैं तथा जजों की जानकारियों व गतिविधियों को लीक करते हैं। इसलिए जजों की सुरक्षा को लेकर ऐसे तत्वों पर लगाम लगाई जानी जरूरी है।

## गुर्जर प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह 21 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। गुर्जर भवन में आयोजित बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गुर्जर भवन में प्रधान जोगिंदर सिंह रावल व सरंक्षक मोहकम छोक्कर की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया है कि श्री खिला राम छोक्कर को गुर्जर भवन का प्रबंधक व उपप्रबंधक मदन सिंह रावल को नियुक्त किया गया। वहीं बैठक में यह निर्णय लिया गया है की 21 दिसम्बर को समाज के प्रतिभावन विद्यार्थी के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिन बच्चो के 2025 के पास आउट दसवीं व बारहवीं पास में 85 प्रतिशत नंबर हैं वो अपने डॉक्यूमेंट 14 दिसम्बर तक गुर्जर भवन पानीपत में जमा करवाए। संरक्षक मोहकम छोक्कर ने बताया है की प्रशंसा पत्र के साथ बच्चों को 1100 रूपये की राशि दी जाएगी। बच्चे जिला पानीपत के ही सम्मानित किए जाएँगे। इस अवसर पर महामंत्री कुशलपाल चौहान, अजब सिंह तंवर एडवोकेट, वरिष्ठ प्रधान राजकुमार छोक्कर, राज सिंह सुताना, सुभाष सरपंच, रकम सिंह, राजिंद्र नंबरदार, रोशन छोक्कर, सेठपाल खारी, सतीश मास्टर सुताना, आदेश खारी, राज सिंह रावल व नरशा रावल आदि मौजूद रहे।



पानीपत। डॉ.नवीन नैन भालसी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के आह्वान पर विधायक रामकुमार गौतम ने मांगी माफी : डा.नवीन

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि सफीदो विधायक रामकुमार गौतम द्वारा पिछले दिनो अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जाट समाज के मान व सम्मान को आहत किया गया था। जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारियों व समाज के लोगों के साथ मिलकर 4 दिसम्बर को सभी खापों से आह्वान किया था कि रामकुमार गौतम का सामाजिक बहिष्कार करेंगे। रामकुमार गौतम ने जाट समाज से माफी मांग ली है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद सदैव जाट समाज व 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूती देने हेतु प्रतिबद्ध है व विधायक रामकुमार गौतम के साथ साथ सभी को नसीहत देते है कि कभी भी किसी समाज को कभी भी अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके आहत नहीं करना चाहिए।



पानीपत। डॉ.बी.आर. अंबेडकर सेवा समिति के सदस्य कैंडल मार्च निकालते हुए।

# अबेंडकर ने हर सांस समाज के कमजोर वर्ग को समर्पित की

## अंबेडकर ने अपने विचार पूरे राष्ट्र में फैलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डॉ.बीआर अंबेडकर सेवा समिति के तत्त्वाधान में भारतीय सविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर जी के महापरीनिर्वाण दिवस पर सेक्टर छः में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।

समिति के प्रधान रोहतास पंवार ने कहा कि आज हम सब यहां कैंडल मार्च में एकत्र हुए हैं जो सिर्फ मोमबत्ती की लौ नहीं, बल्कि समता, न्याय और मानवता के उस प्रकाश का प्रतीक है, जिसे डॉ.भीमराव आंबेडकर ने अपने विचार पूरे राष्ट्र में फैलाया। रोहतास पंवार ने कहा की महापरीनिर्वाण दिवस हमें एक ऐसी महान विभूति की याद दिलाता है। जिन्होंने अपने जीवन की हर सांस समाज के कमजोर, वंचित और शोषित लोगों के उत्थान के लिए समर्पित कर दी।

रोहतास पंवार ने कहा की आज का यह कैंडल मार्च सिर्फ श्रद्धांजलि नहीं है। यह प्रतिज्ञा है कि हम उस भारत के निर्माण में योगदान देंगे, जिसका सपना बाबासाहेब ने देखा था। इस अवसर पर राजेंद्र प्रधान समालखा, राजपाल उप प्रधान, वजीर उप प्रधान, महा सचिव रोहतास डाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज ग्रोवर, अजीत ऑडिटर, अजय सरपंच, राधेश्याम सचिव, दलबीर चौहान, राजबीर पूनिया, महेंद्र कुटानी, महेंद्र कलसन, आनद नारा, मा.रामकेशर, सत्यनारायण डुमियाना व सतबीर बामनिया उपस्थित रहे।

**शौर्य दिवस** पानीपत के 150 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल माध्यम से श्री राम भूमि एवं मंदिर के दर्शन किए

# विधायक विज ने अपने कार्यालय में अयोध्या दर्शन हेतु स्थापित किया 3 डी वर्चुअल केंद्र

कार्यालय में दर्शन हेतु वर्चुअल केंद्र सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन सुबह 10 से 1 बजे तक खुला रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

बीते शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे देश भर में शौर्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के तहत पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने कार्यालय में राम भक्तों के दर्शन हेतु श्री राम मंदिर अयोध्या के वर्चुअल केंद्र का निर्माण किया गया है। जिसका शुभारम्भ पानीपत के वरिष्ठ कारसेवकों द्वारा किया गया। पहले दिन पानीपत के 150 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल माध्यम से श्री राम भूमि एवं मंदिर के दर्शन किए।



पानीपत। विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में अयोध्या दर्शन करते श्रद्धालुगण।

पानीपत से बाबरी का ढांचा गिराने गए वरिष्ठ कारसेवक राजीव भाटिया ने बताया कि उस समय की उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार ने कारसेवकों के ऊपर जितनी पाबंदियां लगाने का प्रयास किया कार सेवकों ने उतने ही उत्साह के साथ बाबरी मस्जिद का ढांचा रामलला के मंदिर हेतु गिराया था। आज बेहद शौर्य और उत्साह का दिन है कि रामलला का मंदिर बन गया है एवं प्रभु श्री राम अपने मंदिर में विराजमान हो गए हैं।

### सनातनी वीरों को नमन किया

विधायक प्रमोद विज ने कहा कि प्रभु श्री राम लला के दर्शन कर वे भी स्वयं को धन्य पाते हैं। शौर्य दिवस के अवसर पर वे राम मंदिर के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सनातनी वीरों को नमन करते हैं। कार्यालय में दर्शन हेतु वर्चुअल केंद्र सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन सुबह 10 से 1 बजे तक खुला रहेगा। इस अवसर पर स.सतनाम नंदा, अनिल मित्तल, प्रमोद कुमार, सुनील सोनी, दिवाकर मेहता, पवन अरोड़ा, दीपक सलूजा, कैलाश नारंग, राजीव रंजन, हुकम चंद मेहता, प्रवीन मदान, प्रेम चावला, मेयर कोमल सैनी के पति दिनेश सैनी सहित नगर निगम पार्षदों सहित नागरिकों ने भी दर्शन किए।

